www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

SB NEWS

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 आधुनिक, सशक्त व शक्तिशाली नए भारत के... 3 उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद ने किया दूदू विधानसभा में... 4 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर करनाल...

वर्षः 9 | अंकः 325 | दिल्ली, गुरुवार, 18 सितम्बर 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ता बिहारः सोलर होगा गेमचेंजर

**बिहार (एजेन्सी)।** नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार लगातार सुशासन और विकास के नए आयाम गढ़ रही है। सड़क, बिजली और पानी को आधार बनाकर शुरू हुई उनकी यात्रा अब सस्टेनेबल एनर्जी की ओर बढ़ रही है। यही वजह है कि आज बिहार न केवल प्रदेशवासियों को 24 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने में सफल हो रहा है, बल्कि आने वाले समय में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी कदम लगातार बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह सोच उन्हें उन देश के चुनिंदा नेताओं में खड़ा करती है जो विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों को साथ लेकर चलने का अनूठा विजन रखते हैं। लखीसराय जिले के कजरा में देश का सबसे बड़ा बैटरी आधारित सोलर बिजली घर समय से पहले तैयार हो चुका है। दो चरणों में विकसित इस परियोजना की कुल क्षमता 301 मेगावॉट सौर ऊर्जा और 495 टहँ बैटरी स्टोरेज है। इसका लाभ यह होगा कि दिन में उत्पन्न सौर ऊर्जा को बैटरियों में स्टोर कर रात के पीक आवर में भी विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। 1810.34 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से तैयार यह परियोजना बिहार की ऊर्जा आत्मनिर्भरता में मील का पत्थर साबित होगी।

### मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है–नड्डा

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश "स्वदेशी" और "आत्मनिर्भर" भारत के विजन को आगे बढ़ा रहा है। जेपी नड्डा प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन और कार्यों पर आधारित पाँच दिवसीय प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। जनसमूह को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ा रहे हैं। आज ही प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में जो कुछ भी बनता है, उसमें भारत के लोगों का पसीना होता है और जिसमें भारत की मिट्टी की खुशबू होती है, वह स्वदेशी है; हमें इसके लिए काम करना होगा।" नड्डा ने यह भी कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों कार्यकर्ताओं ने खादी को अपनाया था। उन्होंने सभी से 2 अक्टूबर को गांधी जयंती से खादी उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया

## 'मां भारती' के सम्मान, गौरव और प्रतिष्ठा से बढ़कर कुछ भी नहीं है-प्रधानमंत्री

**संजना भारती/पीआईबी**

**मध्य प्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए धार भोजशाला की पूजनीय माता और ज्ञान की देवी, वाग्देवी के चरणों में नमन किया। उन्होंने कहा कि आज कौशल और सृजन के देवता, दिव्य शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती है। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा को नमन किया। प्रधानमंत्री ने अपनी शिल्पकला और समर्पण से राष्ट्र निर्माण में लगे करोड़ों भाइयों और बहनों को भी नमन किया।

श्री मोदी ने कहा कि धार की धरती ने हमेशा वीरता की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा, "महाराजा भोज की वीरता हमें राष्ट्रीय गौरव की रक्षा के लिए अडिग रहने का संदेश देती है"। उन्होंने आगे कहा कि महर्षि दधीचि का बलिदान हमें मानवता की सेवा का संकल्प दिलाता है। इसी विरासत से प्रेरणा लेते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि आज राष्ट्र, मां भारती की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने याद दिलाया कि पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने हमारी बहनों और बेटियों के सिंदूर को नष्ट किया था, और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमने उनके आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि हमारे बहादुर सैनिकों ने पलक झपकते ही



पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। हाल की एक घटना का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि कल ही एक और पाकिस्तानी आतंकवादी रो रहा था और अपनी आपबीती सुना रहा था।

प्रधानमंत्री ने कहा, "यह नया भारत है, जो किसी की भी प्रकार की परमाणु धमकियों से नहीं डरता और सीधे आतंकी ठिकानों पर प्रहार करके जवाब देता है।" उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि 17 सितंबर का दिन एक ऐतिहासिक अवसर है, आज ही के दिन राष्ट्र सरदार पटेल के दृढ़ संकल्प का गवाह बना था। इसी दिन, भारतीय सेना ने हैदराबाद को असंख्य अत्याचारों से मुक्त कराया था और इसके बाद ही यह भारत का अभिन्न अंग बना। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि इस महान उपलब्धि और सशस्त्र बलों की वीरता को अब सरकार द्वारा औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया है। आज का दिन अब हैदराबाद मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो देश की एकता का प्रतीक है। उन्होंने विशेष बल देते हुए कहा कि हैदराबाद मुक्ति दिवस हमें याद दिलाता है कि भारत माता के सम्मान, गौरव और प्रतिष्ठा से बड़ा कुछ भी नहीं है। उन्होंने पुष्टि की कि जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र को समर्पित होना चाहिए।

श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने की शपथ ली और अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि उनका सपना औपनिवेशिक शासन की बेड़ियों से मुक्त और तेजी से आगे बढ़ने वाले विकसित भारत का रहा। इसी विरासत से प्रेरणा लेते हुए, उन्होंने कहा कि आज 140 करोड़ भारतीयों ने एक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है।

इस यात्रा के चार प्रमुख स्तंभोंः भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान, को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज के कार्यक्रम से विकसित भारत के सभी चार स्तंभों को मजबूती मिली है। उन्होंने कार्यक्रम में माताओं, बहनों और बेटियों की भारी उपस्थिति का आभार व्यक्त किया और महिला सशक्तिकरण पर दिए गए विशेष ध्यान का विशेष तौर पर उल्लेख करते हुए कहा, "इस मंच से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ किया गया है।"

यह देखते हुए कि 'आदि सेवा पर्व' की गूंज देश भर में विभिन्न चरणों में पहले से ही सुनाई दे रही है, श्री मोदी ने आज से इसके मध्य प्रदेश संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की।

# गृह मंत्री के हाथों हुआ 17 योजनाओं का शुभारंभ, 15 दिनों में 75 योजनाएं होंगी दिल्ली को समर्पितः सीएम रेखा गुप्ता

**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में एक ऐतिहासिक अवसर पर लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा और सामाजिक कल्याण से जुड़ी कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं, आधुनिक बुनियादी ढांचा और जीवन को सुगम बनाने वाली योजनाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएं।



लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनकी दृढ़ वाणी और संकल्प ने हमेशा भारत की सुरक्षा को मजबूत किया है। मुख्यमंत्री ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार के सहयोग को याद किया और कहा कि प्रधानमंत्री जी ने सत्ता को कभी विशेषाधिकार नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना, इसलिए वे हर जन्मदिन सेवा पखवाड़े के रूप में मनाते हैं। इस वर्ष 17 सितम्बर को गृह मंत्री जी के हाथों 17 योजनाओं का उद्घाटन हुआ और 15 दिनों में 75 योजनाएं दिल्लीवासियों को समर्पित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली पहली बार देख रही है कि बिना भेदभाव और बिना राजनीति के केंद्र सरकार से इतना व्यापक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली विकसित भारत के साथ विकसित दिल्ली की ओर अग्रसर हो रही है।

दिल्ली सरकार ने स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कल्याण और सुरक्षा के क्षेत्र में कई नई पहलें शुरू की हैं, जो राजधानी को और अधिक विकसित, सुरक्षित और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होंगी। स्वच्छता और ऊर्जा के क्षेत्र में नरेलाझबवाना में 3000 टन प्रतिदिन क्षमता वाला नया वेस्ट-टू-एनर्जी प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है। इसके साथ ही ओखला प्लांट का विस्तार कर उसकी क्षमता 1950 टन से बढ़ाकर 2950 टन प्रतिदिन कर दी गई है। यह कदम दिल्ली को सतत ऊर्जा और स्वच्छता की दिशा में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी दिल्ली सरकार ने पांच नए अस्पताल ब्लॉक्स और 101 आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता को समर्पित किए गए हैं। महिलाओं और बच्चों के लिए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की गई है, जिसके अंतर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 150 नई डायलिसिस मशीनें भी जनता को उपलब्ध कराई गई हैं।

# नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर वड़नगर स्टेशन परिसर में लगाये गये 75 पेड़

## 75 दिव्यांगजनों ने मिलकर काटा 75 किलो का केक



**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके पैतृक गाँव वड़नगर में एक भव्य और प्रेरक आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम को '75 थीम' के तहत आयोजित किया गया, जो पीएम मोदी के जीवन के 75 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक बना। इस आयोजन का उद्देश्य खेल, सेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाज के हर वर्ग को एक साथ जोड़ना था।

खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घकालीन सोच का हिस्सा है। उन्होंने हमेशा कहा है कि खेल शरीर को ही नहीं, मन और चरित्र को भी मजबूत बनाते हैं। वड़नगर, उनकी जन्मभूमि होने के कारण, इस दृष्टिकोण को जन-जन तक पहुँचाने का केंद्र बना।

**खेल महाकुंभ और सेवा कार्यों के साथ मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिन**

समारोह में देशभर से आए 1000 से अधिक प्रतिभागियों को पीएम मोदी पर आधारित प्रेरक शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। समारोह का मुख्य आकर्षण रहा 75 किलो का केक, जिसे 75 दिव्यांगजन ने मिलकर काटा। इसके साथ ही 75 गुब्बारे आकाश में छोड़कर उत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में 75 पेड़ माँ के नाम लगाए गए, जिससे मातृशक्ति को सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त 5 टीमों में विभाजित 75 खिलाड़ियों ने खेलों में भाग लिया, 75 पुरस्कार वितरित किए गए।

एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वड़नगर रेलवे स्टेशन से शुरूआत कर 75 लोगों ने मिलकर वृक्षारोपण किया। प्रत्येक पेड़ मातृशक्ति के प्रति सम्मान और पर्यावरण की रक्षा का प्रतीक माना गया। यह पहल माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का माध्यम बनी। वड़नगर में आयोजित यह समारोह प्रधानमंत्री मोदी के विचारों-खेल, सेवा, पर्यावरण और समाज निर्माण-को धरातल पर उतारते हुए एक प्रेरक उदाहरण बन गया।

### पराली जलाने पर अब हो सकती है गिरफ्तारी

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सीएक्यूएम, सीपीसीबी और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को निर्देश दिया कि वे सर्दियों के मौसम की शुरूआत से पहले, जब प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, तीन हफ्तों के भीतर वायु प्रदूषण को रोकने के उपाय पेश करें। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्तियों को लेकर राज्यों की खिंचाई की और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों को तीन महीने के भीतर इन पदों को भरने को कहा। पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को भी इसी तरह के निर्देश दिए। हालाँकि, इसने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों, सीएक्यूएम और सीपीसीबी में पदोन्नति के पदों को भरने के लिए छह महीने का समय दिया। सीएक्यूएम केंद्र द्वारा गठित एक वैधानिक निकाय है और इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और उसके आसपास के क्षेत्रों, जिनमें पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्से शामिल हैं, में वायु गुणवत्ता का प्रबंधन और सुधार करना है। पीठ इन प्राधिकरणों में रिक्त पदों को भरने से संबंधित एक स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस मामले की अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

# प्रधानमंत्री मोदी के गरीब कल्याण के संकल्प को पूरा कर रही दिल्ली सरकारः रविन्द्र इन्द्राज

## समाज कल्याण मंत्री ने दिल्लीवासियों को मिले उपहारों पर जताया आभार

**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत कर्तव्य पथ पर आयोजित रक्त दान शिविर में समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने रक्तदान किया और अन्य रक्त दाताओं का उत्साह बढ़ाया। इसके बाद उन्होंने शहीद भगत सिंह मार्ग स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लोकार्पण पर महिलाओं को आयुष व पोषण किट बांटी। समाज कल्याण मंत्री ने सेवा पखवाड़े पर दिल्ली वासियों को मिले उपहारों पर आभार भी जताया।



बवाना में मोदी की लम्बी उम्र के लिए आयोजित कार्यक्रम में रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को सिर्फ नारा नहीं, बल्कि नीति का आधार बनाया है। ग्रामीण विकास, गरीब कल्याण योजनाएं और महिला सशक्तिकरण में अभूतपूर्व काम हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी जी की कार्यशैली में देशहित, निर्णायक नेतृत्व और जनता के प्रति गहरा जुड़ाव झलकता है, जो उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत और आधुनिक भारत के परिवर्तनकारी नेता के रूप में स्थापित करता है।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से दिल्ली आज गरीब और वंचित वर्ग के उत्थान की दिशा में ऐतिहासिक बदलाव देख रही है। उन्होंने हाई सपोर्ट नीड दिव्यांग वित्तीय सहायता योजना के तहत 60% या उससे अधिक विकलांगता वाले दिव्यांग साथियों को 6000 रूपया प्रति माह की वित्तीय सहायता देने और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन का दायरा और व्यापक कर ओल्ड एज पेंशन स्कीम में 50,000 नई वैकेंसी निकालने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार जताया।

श्री इन्द्राज ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सेवा पखवाड़े में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और आधुनिक सुविधाओं वाला आश्रय सावित्री बाई फुले ओल्ड एज होम, पश्चिम विहार, मानसिक रूप से दिव्यांग नागरिकों के लिए सुरक्षित और सुविधायुक्त होम अटल आशा होम, नरेला और दृष्टिबाधित छात्राओं के लिए विशेष छात्रावास अटल दृष्टि हॉस्टल, तिमारपुर के उपहार के लिए भी आभार जताया। उन्होंने दिल्लीवासियों से आग्रह किया कि हम समाज के सबसे कमजोर, सबसे वंचित और सबसे जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकार की हर योजना और सहयोग पहुँचाने का प्रयास करें। साथ ही आग्रह किया कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलते हुए दिल्ली को और अधिक सशक्त, समावेशी और विकसित बनाएँ।

# स्वच्छता, नशा मुक्ति और स्वस्थ जीवन शैली को बनाएं जन आंदोलनः नायब सिंह सैनी

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वच्छता, नशा मुक्ति और स्वस्थ जीवन शैली को अब जनआंदोलन बनाना चाहिए। इस संकल्प को लेकर जनभागीदारी के साथ हम एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने यह बात बुधवार की सुबह रोहतक में मानसरोवर पार्क के समीप प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ड्रग फ्री हरियाणा थीम को लेकर आयोजित नमो मैराथन में पहुंचे युवाओं को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने अल सुबह रोहतक में स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। नमो मैराथन से पहले उन्होंने मानसरोवर पार्क में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने नमो




मैराथन में उमड़ी युवा शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन, समर्पण, सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना का उत्सव है। प्रधानमंत्री का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। साधारण पृष्ठभूमि से असाधारण नेतृत्व की जीवन यात्रा हम सबके लिए प्रेरणा है। हमें ऐसे ऊर्जावान व्यक्तित्व पर गर्व है जिनके लिए नेतृत्व पद नहीं बल्कि सेवा, त्याग और ईमानदारी है। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है और वैश्विक मंच पर देश को नई पहचान मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार ने नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए उल्लेखनीय कार्य किया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, मातृ वंदना योजना व स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से नारी शक्ति को सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने नमो मैराथन को नशामुक्त समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को नशे से दूर कर खेल और फिटनेस की ओर ले जाना ही इस अभियान का उद्देश्य है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान भी किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण को धरती मां के सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सुरक्षा का संकल्प बताया। इससे पहले उन्होंने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया स्वच्छ भारत मिशन आज जन आंदोलन का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचे युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री मनीष ग्रोवर, रोहतक के मेयर श्री राम अवतार वाल्मीकि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## भारत की ऊर्जा नीति

**भारत** की ऊर्जा नीति आज एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी है जहाँ जैव-ईंधन (बायोफ्यूल) न सिर्फ प्रदूषण कम करने का विकल्प है, बल्कि यह आयात पर निर्भरता घटाकर देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत कर सकता है। सरकार द्वारा पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण (E-20) लागू किए जाने के बाद यह बहस और तेज हो गई है कि क्या यह कदम व्यावहारिक और सुरक्षित है। इसी संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उन दावों को बकवास करार दिया है जिनमें कहा गया था कि इथेनॉल मिश्रण से वाहनों के इंजन को नुकसान होता है। इथेनॉल क्यों जरूरी है। यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 88% कच्चा तेल आयात करता है। इससे न सिर्फ खजाने पर भारी बोझ पड़ता है बल्कि वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में गन्ना, मक्का और अन्य अनाज से बनने वाला इथेनॉल एक सस्ता, घरेलू और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प है। हम आपको बता दें कि 2014 में जहाँ पेट्रोल में इथेनॉल की हिस्सेदारी मात्र 1.4% थी, वहीं आज यह बढ़कर 20% तक पहुँच गई है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत और हरित ऊर्जा संक्रमण की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम आपको बता दें कि केपीएमजी के वार्षिक सम्मेलन एनरिच 2025 में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि इथेनॉल से इंजन खराब होने की सारी बातें 'बीएस' हैं-यानी बकवास हैं। उन्होंने साफ किया कि केवल पुराने वाहनों में कुछ रबर के पुर्जे. और गैस्केट बदलने की आवश्यकता हो सकती है, पर तकनीकी रूप से यह कोई बड़ी चुनौती नहीं है। ब्राजील जैसे देशों के अनुभव भी यही साबित करते हैं कि इथेनॉल मिश्रण न केवल सुरक्षित है बल्कि टिकाऊ विकल्प है। हम आपको यह भी बता दें कि इस बहस का दूसरा पहलू है राजनीति। पिछले दिनों में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पर आरोप लगाए गए कि उनकी परिवार-नियंत्रित कंपनी Cian Agro को इथेनॉल नीति से भारी लाभ हुआ है। कांग्रेस और कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों ने दावा किया कि कंपनी का टर्नओवर एक साल में 18 करोड़ रुपया से 723 करोड़ रुपया तक पहुँच गया। गडकरी ने इसे राजनीतिक रूप से प्रेरित पेड कैंपेन बताया। उनका कहना है कि इथेनॉल से जुड़े टेंडर और मूल्य निर्धारण का फैसला कैबिनेट स्तर पर होता है, न कि व्यक्तिगत मंत्रियों द्वारा। उन्होंने कहा कि देश में 450-500 इथेनॉल उत्पादक कंपनियाँ हैं, जिनमें उनकी कंपनी की हिस्सेदारी 0.5% से भी कम है। उन्होंने कहा कि इथेनॉल उत्पादन नीति उनकी कंपनी के सक्रिय होने से पहले ही लागू हो चुकी थी। हम आपको बता दें कि गडकरी लंबे समय से वैकल्पिक ईंधन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और हरित परिवहन व्यवस्था के समर्थक रहे हैं। इसलिए उनका इथेनॉल के पक्ष में बोलना उनके पुराने दृष्टिकोण के अनुरूप है। लेकिन उनकी स्वतंत्र छवि और लोकप्रियता के कारण वे विरोधियों के निशाने पर भी रहते हैं। देखा जाये तो असल टकराव की जड़ है पेट्रोल लॉबी, जिसमें आयातक, रिफाइनर और बहुराष्ट्रीय तेल कंपनियाँ शामिल हैं, यह इथेनॉल को अपने लिए सीधा खतरा मान रही हैं। इथेनॉल के बढ़ते उपयोग का मतलब है कि पेट्रोल की खपत में कमी और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटेगी। यह उन समूहों के हितों पर सीधा आघात है, जिन्होंने दशकों तक तेल आयात से मुनाफा कमाया है। इसी कारण से यह लॉबी सोशल मीडिया पर यह नैरेटिव गढ़ रही है कि इथेनॉल मिश्रण से वाहनों का माइलेज घटेगा और इंजन खराब होगा। हालाँकि मंत्रालय ने पहले ही साफ किया है कि ई-20 पेट्रोल से माइलेज में केवल 1-2% (चारपहिया वाहनों) और 3-6% (दोपहिया/अन्य वाहनों) की कमी आती है, जो नगण्य है। हम आपको यह भी बता दें कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी इथेनॉल मिश्रण पर दायर याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इस नीति में कोई गंभीर तकनीकी या कानूनी बाधा नहीं है। इससे सरकार को एक बड़ी राहत मिली और यह स्पष्ट हो गया कि नीति सही दिशा में है। दरअसल यह विवाद तकनीकी से अधिक राजनीतिक है। विपक्षी दलों के लिए गडकरी को निशाना बनाना सरकार की ऊर्जा नीति पर प्रश्नचिन्ह लगाने का आसान तरीका है। सोशल मीडिया पर चलाए गए पेड कैंपेन का मकसद था जनता के बीच भ्रम फैलाना और यह आभास देना कि इथेनॉल मिश्रण नीति कुछ व्यक्तियों के निजी लाभ के लिए लाई गई है। जबकि वास्तविकता यह है कि इथेनॉल मिश्रण नीति का लाभ किसानों, उपभोक्ताओं और देश की ऊर्जा सुरक्षा-सभी को होगा।

### जयंती

**काका हाथरसी**

जन्म-18 सितंबर, 1906, हाथरस, उत्तर प्रदेश; मृत्यु-18 सितंबर, 1995) भारत के प्रसिद्ध हिन्दी हास्य कवि थे। उन्हें हिन्दी हास्य व्यंग्य कविताओं का पर्याय माना जाता है। काका हाथरसी की शैली की छाप उनकी पीढ़ी के अन्य कवियों पर तो पड़ी ही थी, वर्तमान में भी अनेक लेखक और व्यंग्य कवि काका की रचनाओं की शैली अपनाकर लाखों श्रोताओं और पाठकों का मनोरंजन कर रहे हैं। उनकी रचनाएँ समाज में व्याप्त दोषों, कुरीतियों, भ्रष्टाचार और राजनीतिक कुशासन की ओर सबका ध्यान आकृष्ट करती हैं। भले ही काका हाथरसी आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी हास्य कविताए, जिन्हें वे 'फुलझड़ियाँ' कहा करते थे, सदैव हमे गुदगुदाती रहेंगी।

### पुण्यतिथि

**भगवान दास**

जन्म-12 जनवरी, 1869 वाराणसी; मृत्यु-18 सितम्बर 1958) को विभिन्न भाषाओं के प्रकांड पंडित, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवी और शिक्षा शास्त्री के रूप में, देश की भाषा, संस्कृति को सुदृढ़ बनने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले, स्वतंत्र और शिक्षित भारत के मुख्य संस्थापकों में गिना जाता है।

### कल मिलेंगे

**इंस्पेक्टर:** इतनी क्यों पी रखी थी?
**शराबी:** मजबूरी थी भैया।
**इंस्पेक्टर:** कैसी मजबूरी?
**शराबी:** बोतल का ढक्कन खो गया था!


**संजना भारती दैनिक**

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)


# आधुनिक, सशक्त व शक्तिशाली नए भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री 'नरेन्द्र मोदी'

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अब अगली पीढ़ी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण करने में दिन-रात जुटा हुआ है। जो कार्य स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। नरेन्द्र मोदी का यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार करने का कार्य बखूबी कर रहा है। देश में आधुनिक रेलवे स्टेशन, बंदरगाह, सड़क व रोपवे आदि जगह-जगह बन रहे हैं**

-दीपक कुमार त्यागी

**भारत** में लंबे समय तक लगातार सत्ता में रहते हुए सेवा करने वाले राजनेता, राष्ट्रहित और जनहित को हमेशा सर्वोपरि रखने वाले, मां भारती के सच्चे-सपूत, नए आधुनिक सशक्त शक्तिशाली भारत के शिल्पकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। मैं उन्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप दीघार्यु हों और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें और देश का नाम रोशन करते रहें और हम भारतवासियों का मार्गदर्शन करते रहें। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यों के दम पर अब आधुनिक, सशक्त, शक्तिशाली नए भारत के शिल्पकार बन चुकें हैं, यह तथ्य अब किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। कोई भी व्यक्ति राजनीतिक लाभ लेने के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत के नव निर्माण के लिए दिये गये योगदान को कमतर आंकने का कार्य कर सकता है। लेकिन धरातल पर सच्चाई यह है कि नरेन्द्र मोदी ने देश में आजादी के दशकों बाद दूरदराज के दुर्गम इलाकों तक में भी हम भारतीयों के लिए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का कार्य किया है, जो काबिले-तारीफ व अचंभित करने वाला है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आज बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव हो रहा है। रेलवे, हाईवे, एक्सप्रेस-वे, बंदरगाह और हवाई अड्डों जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन विश्व स्तरीय ढांचा तैयार किया जा रहा है। अभी तक के तैयार ढांचे ने ही देशवासियों के जीवन को बेहद सरल बनाते हुए देश के विकास को तेजी गति देते हुए धरातल पर समृद्धि को बढ़ावा देने का कार्य कर दिखाया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अब अगली पीढ़ी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण करने में दिन-रात जुटा हुआ है। जो कार्य स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। नरेन्द्र मोदी का यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार करने का कार्य बखूबी कर रहा है। देश में आधुनिक रेलवे स्टेशन, बंदरगाह, सड़क व रोपवे आदि जगह-जगह बन रहे हैं। पूरे देश में सड़क, हवाई, रेल व जल मार्ग से यात्रा व माल ढुलाई आदि की सुविधा को बेहतर किया जा रहा है। वैसे भी नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि-स्मार्ट शहर, सुरक्षित सड़कें और आसान यात्रा-यही है नए भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर वादा। जिस वादे को नरेन्द्र मोदी धरातल पर साकार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम मानते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा की बात करें तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश के वीर योद्धाओं के हाथ दुश्मन पर कार्रवाई के लिए पूरी आजादी के साथ खुले हुए हैं, जिसकी बानगी देश व दुनिया के लोग सर्जिकल स्ट्राइक व अभी हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में देख चुके हैं।

वहीं आम-जनमानस के हित के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें मुख्य रूप से जन धन योजना, कौशल भारत मिशन, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, सांसद आदर्श ग्राम योजना, श्रमेव जयते योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हृदय योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, उजाला योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री ज्योति ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्मार्ट सिटी योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, स्वर्ण मुद्रीकरण योजना, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना, उदय, स्टार्ट-अप इंडिया, सेतु भारतम योजना, स्टैंड अप इंडिया, ग्रामोदय से भारत उदय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, नमामि गंगे योजना, पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना आदि योजनाएं हम भारतवासियों के जीवन स्तर में सुधार करते हुए उसे बेहतर बनाने कार्य कर रही हैं।

वैसे कोई नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में लाख कमियां निकाले लेकिन जनता की अदालत की सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन-जन की आशा और राष्ट्र की आकांक्षा के प्रतीक बन चुकें हैं। देश व दुनिया के लोग देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ओजस्वी नेतृत्व में भारत का बहुत तेजी से सर्वांगीण विकास हो रहा है। नया भारत अब आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक सम्मान की नई ऊंचाइयों को छूने का कार्य कर रहा है। मोदी के संकल्पित नेतृत्व में ही विकसित भारत की दिशा में राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी के साथ मजबूत होती जा रही है, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के ताकतवर देशों को पीछे छोड़ रही है। देश में बहुत ही तेजी से विश्व स्तरीय सड़कों व एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा कर के विकास पथ का निर्माण करते हुए विकास को तेज गति दी जा रही है, आज हमारा प्यारा देश भारत दुनिया के निवेशकों की पसंदीदा जगह बनता जा रहा है, भारत में अब तेजी से विदेशी कंपनियों के बड़े-बड़े कल-कारखाने खुलने लगें हैं। आर्थिक स्तर के मोर्चे के साथ-साथ सामरिक स्तर पर भी अब तो दुनिया भारत का लोहा मानने लगी है, दुनिया सर्जिकल स्ट्राइक व ऑपरेशन सिंदूर में देश के वीर जांबाजों का दमखम देख चुकी है।

वैसे भी देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी कार्यशैली के बलबूते देश की राजनीति को अपने इर्दगिर्द केन्द्रित रखते हुए आम जनमानस के दिलोदिमाग पर छा जाने का कार्य बेहद ही सफलता के साथ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया की उन शख्सियतों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी कार्यशैली, मेहनत, वाकपटुता, मंत्रमुग्ध कर देने वाली करिश्माई भाषण शैली, राष्ट्रहित व जनहित के कार्यों के बलबूते लोगों के दिलों में जगह बनाने का कार्य किया है। जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी राजनीति के जबरदस्त प्रतिस्पर्धा वाले क्षेत्र में भी पिछले कई दशकों से लगातार महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान हैं। वैसे तो नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में ही काम के दम पर एक बहुत लंबी रेखा खींचने का कार्य किया था, लेकिन वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री पद का दायित्व सम्हालने का कार्य किया था, उसके बाद तो उन्होंने फिर कभी पीछे मुड़कर ही नहीं देखा है। जिसके बाद से ही नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में दिन-प्रतिदिन तेजी से इजाफा हुआ है और वह भारत के साथ-साथ दुनिया भर में लोगों की पसंदीदा ताकतवर राजनीतिक शख्सियत बनकर के उभरे हैं, इसकी एक बानगी अभी हाल ही में दुनिया ने अमेरिका से टैरिफ विवाद के समय और चीन दौरे के समय देखी है, विवाद के बाद नरेन्द्र मोदी को अपने से दूर होता देखकर अब तो दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तक भी नरेन्द्र मोदी को अपना दोस्त बता रहे हैं और महान बता रहे हैं।

संगठनात्मक स्तर की बात करें तो नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करके पार्टी के भविष्य को पूरी तरह से ही बदल डालने का कार्य किया था। इसके बाद तो नरेन्द्र मोदी की लहर के दम पर ही देश के चुनावी मैदान में चुनाव दर चुनाव भाजपा जीतती गयी और केन्द्र व राज्यों की राजनीति से विपक्षी दलों का सफाया होता चला गया था। आज स्थिति यह हो गयी है कि प्रसिद्धि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहे हैं बल्कि वह दुनिया में भी बेहद लोकप्रिय होकर के विश्व की उन चंद ताकतवर अहम शख्सियतों में शामिल हो चुकें हैं, जिनकी राजनीति व कार्यशैली का लोहा देश-विदेश के ताकतवर लोग भी मान रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर भारत के लिए एक बहुत ही अच्छा सकारात्मक संदेश है। हालांकि हर वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को भुनाने के लिए उनके जन्मदिवस 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर तक देश भर में 'सेवा पखवाडा' चलाने का फैसला किया है। इसमें स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, मैराथन, दिव्यांग शिविर आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छे से जानते हैं कि इस अवसर को खूबसूरती के साथ एक सफल मेगा ईवेंट में किस तरह से बदला जा सकता है, इसलिए भाजपा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से लेकर के 2 अक्टूबर तक पूरे देश में 'सेवा पखवाड़े' पर जनहित के विभिन्न प्रकार के अभियान चलायेगी, जिससे आम जनमानस भाजपा के प्रति आकर्षित होकर मोदी मैजिक के दम पर उससे निरंतर जुड़ा रहे।

हालांकि देश में कुछ राजनीतिक लोगों व एक वर्ग विशेष के लोगों के बीच में ना जाने क्यों नरेन्द्र मोदी को निरंतर कमतर करके आंकने का प्रयास अभी भी जारी है। यह लोग वर्ष 2014 से ही मोदी को जनता की अदालत में एक असफल प्रधानमंत्री साबित करने के लिए उतावले हैं, लेकिन यह उतावलेपन में निरंतर अपने गिरेबान में झांक कर आत्ममंथन करना भूल जाते हैं। खैर जो भी हो पक्ष हो या विपक्ष का विरोधी हो अब वह जनता की अदालत इस सच्चाई से आसानी से मूंह नहीं मोड़ सकता है कि नरेन्द्र मोदी देश के लोकप्रिय नेता हैं और उनके नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विश्व स्तरीय विकास की एक नयी गाथा लिखने का कार्य हो रहा है। देश के पूर्व, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण चंहु ओर तेजी के साथ मोदी राज में केंद्र के द्वारा सर्वांगीण विकास हो रहा है। आज केंद्र सरकार का तंत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष की ऊंचाईयों से लेकर के सागर की गहराईयों तक में जाकर के भारत की जनता के हित के लिए कार्य करने का काम बड़ी जिम्मेदारी व तत्परता के साथ कर रहा है और हमारे प्यारे देश भारत का सिस्टम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल व ओजस्वी नेतृत्व में विश्व में सफलता के नित-नये आयाम स्थापित करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहा है।

अधिवक्ता, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मोदी सरकार: नारी शक्ति का उदयकाल

**मोदी सरकार की नीतियों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारी सशक्तिकरण का मर्मस्थ स्रोत रहा है, और हाल के आँकड़े इसकी गवाही देते हैं। 2014-15 में जहाँ 1000 लड़कों पर 918 लड़कियाँ थीं, 2023-24 में यह अनुपात बढ़कर 930 हुआ और माध्यमिक शिक्षा में लड़कियों की नामांकन दर 75 .51% से बढ़कर 78% पहुँची। मार्च 2022 में कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव से 1,00,786 बच्चियाँ स्कूल लौटीं**

-डॉ शिवानी कटारा

**भारत** की आधी आबादी, जिसे लंबे समय तक घर की चौखट और सामाजिक परंपराओं में सीमित माना जाता था, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। बीते दशक में तस्वीर पूरी तरह बदली है-ऐसे कानून बने जिन्होंने महिलाओं को बराबरी और गरिमा का अधिकार दिया, और ऐसी योजनाएँ आईं जिन्होंने मातृत्व को सुरक्षित कर बेटियों के सपनों को पंख दिए। यही वजह है कि आज नारी शक्ति केवल वोट नहीं, अब राष्ट्र की आवाज है। इसी यात्रा में 2023 का नारी शक्ति वंदन अधिनियम स्त्री प्रतिनिधित्व को नई ऊँचाई देने वाली ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में अंकित हो गया है। इसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं की एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं। यह बदलाव केवल आंकड़ों का नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा में स्त्री शक्ति को प्रतिष्ठित करने का है।

मोदी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए मिशन शक्ति की शुरूआत की। इसके अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर, 247 महिला हेल्पलाइन और डिजिटल शिकायत पोर्टल जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। हिंसा झेलने वाली महिलाएँ अब कानूनी, चिकित्सीय और मानसिक सहयोग एक ही स्थान पर पा रही हैं, और यह भरोसा जगा है कि उनकी आवाज अब अनसुनी नहीं होगी। मुस्लिम महिलाओं को अन्यायपूर्ण परंपरा से मुक्त करने वाला तीन तलाक विरोधी कानून इसी दिशा में एक बड़ा परिवर्तन साबित हुआ। वहीं कामकाजी महिलाओं के लिए मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के अंतर्गत अवकाश 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया गया तथा बड़े संस्थानों में शिशु गृह (क्रेच) की सुविधा अनिवार्य की गई। इन पहलों ने महिलाओं को सुरक्षा और गरिमा के साथ कार्यक्षेत्र में सक्रिय योगदान का अवसर प्रदान किया।

मोदी सरकार की नीतियों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारी सशक्तिकरण का मर्मस्थ स्रोत रहा है, और हाल के आँकड़े इसकी गवाही देते हैं। 2014-15 में जहाँ 1000 लड़कों पर 918 लड़कियाँ थीं, 2023-24 में यह अनुपात बढ़कर 930 हुआ और माध्यमिक शिक्षा में लड़कियों की नामांकन दर 75.51% से बढ़कर 78% पहुँची। मार्च 2022 में कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव से 1,00,786 बच्चियाँ स्कूल लौटीं। 2014-16 में मातृ मृत्यु दर 130 से घटकर 2018-20 में 97 रह गई और संस्थागत प्रसव 87% से बढ़कर 94% से अधिक हुआ-यह दशार्ता है कि सुरक्षित मातृत्व ही विकसित भारत की सच्ची पहचान है। राज्यों के अनुभव इस प्रगति को और भी सजीव बना देते हैं। उत्तर प्रदेश में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की दर 51% से घटकर 45.9% रह गई और गंभीर एनीमिया 2.1% से घटकर 1.7% पर आ गया-यह आँकड़े मातृ स्वास्थ्य सुधार की गवाही देते हैं। इसी कड़ी में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10.33 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए, जिनमें से 8.34 करोड़ परिवार सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जिससे माताओं और बच्चों को धुएँ से मुक्ति मिली। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने करोड़ों शौचालयों ने ग्रामीण महिलाओं को खुले में शौच की विवशता से उबारकर उनकी गरिमा और स्वास्थ्य दोनों को संबल दिया। यह सब मिलकर नारी जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान की नई कहानी लिख रहे हैं। आर्थिक स्वतंत्रता भी अब महिलाओं की शक्ति का दूसरा नाम बन चुकी है। मोदी सरकार के प्रयासों से स्टैंड अप इंडिया और मुद्रा योजना ने लाखों महिला उद्यमियों को कारोबार के लिए वित्तीय सहारा दिया, जबकि लाखपति दीदी और ड्रोन दीदी योजना ने ग्रामीण महिलाओं को तकनीक और स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी भारत की नई पहचान बना दिया है। मुद्रा योजना में महिलाओं की हिस्सेदारी 68% है और 2016 से 2025 के बीच प्रति महिला औसत ऋण ?62,679 तक पहुँचा। स्टैंड-अप इंडिया में 80% से अधिक ऋण महिलाओं को मिले। उत्तर प्रदेश में मनरेगा में उनकी भागीदारी 35% से बढ़कर 45.05% और श्रम-बल में 14% से बढ़कर 36% हुई। वाराणसी की 1.38 लाख ग्रामीण महिलाएँ स्व-सहायता समूहों से आत्मनिर्भर बनीं, जिनमें कई ड्रोन पायलटिंग, कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं। यह दशार्ता है कि महिलाएँ अब केवल योजनाओं की भागीदार नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की सशक्त धुरी बन रही हैं। डिजिटल इंडिया ने महिलाओं के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाया है। शहरी भारत की महिलाएँ स्मार्टफोन और इंटरनेट के सहारे बैंकिंग, ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान को सहज बना रही हैं, तो ग्रामीण भारत की 76% महिलाएँ मोबाइल का उपयोग कर रही हैं और आधी से अधिक अपने निजी फोन की स्वामिनी बन चुकी हैं। यही तकनीकी पहुँच उन्हें डिजिटल विपणन, पैकेजिंग और ई-कॉमर्स से जोड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर कर रही है। साथ ही, महिला हेल्पलाइन 181, एनसीडब्ल्यू 247 और पावर लाइन-1090 सुरक्षा और न्याय की त्वरित पहुँच देकर उनके आत्मविश्वास को और गहरा कर रही हैं। मोदी सरकार का यह डिजिटल सशक्तिकरण महिलाओं को समय और दूरी की सीमाओं से आजाद कर अवसरों की नई दुनिया थमा रहा है और उन्हें नवोन्मेषी बना रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में महिलाओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा की अग्रिम पंक्ति में नया इतिहास रचा। अग्निपथ योजना के तहत 153 महिला अग्निवीरों ने बेलगावी से प्रशिक्षण पूरा किया और नौसेना ने लगभग 20% पद महिलाओं के लिए खोले। जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में सात महिला बीएसएफ कर्मियों ने 72 घंटे तक मोर्चा सँभालकर साहस का अद्वितीय उदाहरण पेश किया। प्रधानमंत्री ने इस अभियान को हर माँ और बहन को समर्पित किया। साथ ही सेना का ऑपरेशन सिंदूर एक सांस्कृतिक प्रतीक बना-जहाँ राष्ट्र रक्षा के साथ महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा का संदेश भी प्रतिध्वनित हुआ। सचमुच, अग्निवीर बेटियाँ अब सीमाओं पर देश की ढाल हैं और सिंदूर वीरता का प्रतीक है।

(लेखिका दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पीएच.डी. हैं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं)
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

### कुछ इस अंदाज में मेलोनी ने दी मोदी को जन्मदिन की बधाई, लिखा सेल्फी वाला मैसेज

(एजेन्सी)।

**इटली** की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। एक भावुक पोस्ट में उन्होंने उनके नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रेरित करने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की। अपनी शुभकामनाओं के साथ, इतालवी प्रधानमंत्री ने भारत और इटली के बीच संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उनके संदेश में दोनों देशों के बीच बढ़ती गर्मजोशी पर प्रकाश डाला गया, और दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में सहयोग में वृद्धि देखी गई है।

पिछले हफ़्ते, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के साथ भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा की और इसके समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। फोन पर बातचीत में, मोदी ने मेलोनी के साथ यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के उपायों के साथ-साथ भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के कार्यान्वयन पर भी चर्चा की। मोदी ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता और यूक्रेन में संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने में साझा रुचि की पुष्टि की। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित कई विश्व नेताओं ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई दी। राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी को जन्मदिन की बधाई दी और दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने में उनके "महान व्यक्तिगत योगदान" की प्रशंसा की।

### सोना रिकॉर्ड स्तर से 1,300 रुपये फिसलकर 1.13 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी भी टूटी



(एजेन्सी)।

**अमेरिकी** फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से 1,300 रुपये फिसलकर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गईं।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। मंगलवार को, दिल्ली सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस कीमती धातु की कीमत 1,800-1,800 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,15,100 रुपये और 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। फेडरल रिजर्व के महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले से पहले मुनाफावसूली के चलते सोने में कमजोरी रही, क्योंकि प्रतिभागियों ने नतीजों से पहले जोखिम कम कर दिया। बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है, क्योंकि बाजार न केवल ब्याज दरों में कटौती का बल्कि फेडरल रिजर्व के आगे के दिशानिर्देशों का भी इंतजार कर रहे हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष रिसर्च शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, बिना किसी स्पष्ट रूपरेखा के कोई भी तटस्थ रुख या कम नरम रुख वाली टिप्पणियां सराफा बाजार में कुछ प्रतिशत की गिरावट ला सकती हैं। चांदी ने भी अपनी बढ़त गंवा दी और मुनाफावसूली के चलते यह नीचे आ गई। बुधवार को चांदी 1,670 रुपये गिरकर 1,31,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

पिछले सत्र में, इसने 570 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 1,32,870 रुपये प्रति किलोग्राम का नया रिकॉर्ड बनाया था। वैश्विक स्तर पर, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रहने के कारण, सोने और चांदी में भी नए शिखर छूने के बाद गिरावट देखी गई। नीति की घोषणा बाद में की जाएगी। मंगलवार को 3,703.23 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर को छूने के बाद हाजिर सोना लगभग एक प्रतिशत गिरकर 3,664.82 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी करीब तीन प्रतिशत टूटकर 41.38 डॉलर प्रति औंस रह गई।

### स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ठोका सबसे तेज शतक

(एजेन्सी)।

**भारत** और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा वनडे मुकाबला खेला जा रहा है। जहां भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 292 रन बनाए। इस दौरान भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का बल्ला खूब गरजा। उन्होंने मुल्लांपुर के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में तूफानी शतकीय पारी खेली। मंधाना ने 91 गेंदों में 117 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और चार सिक्स शामिल हैं। वहीं मंधाना महिला वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे तेज सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ी बन गई हैं। वहीं मंधाना ने भारत के लिए दूसरा सबसे शतक लगाया है। भारत के लिए सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड भी मंधाना के नाम दर्ज है। उन्होंने इस आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच में 70 गेंदों में सेंचुरी बनाई थी। मंधाना ने ताहलिया मैकग्राथ द्वारा डाले गए 29वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर 12वीं वनडे सेंचुरी पूरी की। वह महिला वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी जमाने वाली खिलाड़ियों की लिस्ट में संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। उनके अलावा इंग्लैंड की बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने भी 12 शतक शतक ठोके हैं। महिला वनडे में सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के नाम है। लैनिंग ने अपने करियर में कुल 15 शतक लगाए। उनके बाद सूची में न्यूजीलैंड की दिग्गज क्रिकेटर सूजी बेट्स हैं। बेट्स ने 13 सेंचुरी लगाई हैं।

### 75वें जन्मदिन पर पीएम मोदी को मिलीं बॉलीवुड की शुभकामनाओं की बाढ़

(एजेन्सी)।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बुधवार, 17 सितंबर को अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर, बॉलीवुड के सितारे सोशल मीडिया के जरिए प्रधानमंत्री को हार्दिक शुभकामनाएँ दे रहे हैं। आमिर खान, सनी देओल, करण जौहर, विक्रांत मैसी, अजय देवगन और विक्की कौशल जैसे सितारों ने प्रधानमंत्री को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री की 'कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता' की सराहना की है।

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने अपने जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाओं में पीएम मोदी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए कहा, "मुझे याद है कि जब आप गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब मैं आपसे मिला था। आपने मेरा बहुत गर्मजोशी और सम्मान के साथ स्वागत किया था। बाद में, मैं अहमदाबाद में अपनी फिल्म 'ए वेडनेसडे' की एक विशेष स्क्रीनिंग रखना चाहता था, और जब मैंने आपको आमंत्रित किया, तो आप अपनी पूरी कैबिनेट और अन्य गणमान्य लोगों के साथ इसे देखने आए। उस समय से, मैंने आपके व्यक्तित्व में एक खास निडरता और ईमानदारी देखी है। इन वर्षों में, मुझे आपसे कई बार मिलने का मौका मिला है, और व्यक्तिगत स्तर पर, मैंने आपका अद्भुत हास्यबोध और आपकी दिल खोलकर हँसी देखी है। मैं वास्तव में आपसे प्रेरित महसूस करता हूँ - न केवल एक प्रधानमंत्री के रूप में, बल्कि एक व्यक्ति और एक मार्गदर्शक के रूप में भी।"

अजय देवगन ने पीएम मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं, अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए और उनके विजन और नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, मैं अपने परिवार और अपनी ओर से आपको आपके 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। मैं आपसे पहली बार तब मिला था जब आप गुजरात के मुख्यमंत्री थे, और उस दिन से लेकर अब तक, मैंने आपकी यात्रा में एक अद्भुत निरंतरता देखी है। राष्ट्र के लिए आपका दृष्टिकोण, अथक समर्पण और निडर नेतृत्व वास्तव में प्रेरणादायक रहा है। आज भारत वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है, और इसमें आपका योगदान अतुलनीय है।

आमिर खान ने कहा, हमारे देश के विकास के लिए आपने जो योगदान दिया है, वो हमेशा याद रखे जाएँगे। आमिर खान ने मोदी की लंबी उम्र की कामना की और कहा, यह भी प्रार्थना है कि ऊपर वाला आपको हमेशा शक्ति दे। आलिया भट्ट ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। आपका नेतृत्व हमारे महान राष्ट्र के भविष्य को आकार देता रहे और हमें और भी अधिक प्रगति की ओर ले जाए...

करण जौहर ने मोदी को शक्ति, साहस और संकल्प का आदर्श बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री की अपनी भूमिका के प्रति समर्पण की सराहना की। विक्रांत मैसी ने अपनी फिल्म, साबरमती रिपोर्ट की विशेष स्क्रीनिंग पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी भावुक मुलाकात को याद किया।

विक्की कौशल ने मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और असीम ऊर्जा की कामना की। सनी देओल ने एक्स पर लिखा, हमारे प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जी को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। भगवान आपको उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।"

# हिन्दी दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि व्यंग्यकार अमन रंगेला अमन सनातनी हुए सम्मानित





**संजना भारती संवाददाता**

**मध्यप्रदेश।** मध्यप्रदेश शासन प्रसिद्ध साहित्यिकार संस्था एकाडमी मध्यप्रदेश द्वारा मध्यप्रदेश साहित्य उत्सव के अन्तर्गत युवा रचनाधर्मी कुम्भ एवं भारतीय मात्र भाषा का अनुष्ठान का आयोजन 14 व 15 सितम्बर को रविन्द्र भवन पॉलटेकनिक चौराहे के पास भोपाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि एवं धर्मेन्द्र सिंह लोधी राज्य मंत्री की एवं साहित्य अकादमी निदेशक डा विकास दवे की अध्यक्षता में हिन्दी दिवस के रूप में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर नागपुर महाराष्ट्र जिला के लिए बहुत बड़े गौरव की बात है। नागपुर जिले के सावनेर तहसील के अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि व्यंग्यकार अमन रंगेला अमन सनातनी सावनेर नागपुर महाराष्ट्र को इस बड़े मंच पर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा कुछ कवियों ने अपनी-अपनी कविता, भाषणों के माध्यम से हिन्दी दिवस के दिन ही नहीं बल्कि सभी दिन अपने बातचित के माध्यम से हिन्दी को चलन में लेकर इसे और बढाना है हिन्दी भाषा हमारा गौरव है।

# सेवा पखवाड़ा की शुरूआत, प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उत्तर पूर्वी जिला भाजपा ने 100 यूनिट से अधिक किया रक्तदान


**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिला भाजपा ने सेवा पखवाड़ा मनाते हुए उत्तर पूर्वी जिला कार्यालय पर रक्तदान सिविल लगाकर 100 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया।

इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष डॉ यू के चौधरी विधायक अजय महावर राज कुमार बल्लन पूनम चौहान राहुल गौड़ प्रमोद गुप्ता योगेंदर राजोरा रंजन त्यागी अनिल गौड़ मीडिया प्रभारी दीपक चौहान नेहा उप्रेती मौजूद रहे। सांसद मनोज तिवारी ने बताया हम हर वर्ष अपने माननीय प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हैं और जन सेवाओं को सेवा पखवाड़ा के रूप मे पूरे भारत में विभिन्न कार्यक्रमो को आयोजित करके मनाया जाता हैं।

उत्तर पूर्वी जिला दिल्ली जिसमें रक्तदान स्वास्थ्य सेवाएं स्वच्छता अभियान मनाया गया। युवा मैराथन प्रबुद्ध





जीवी सम्मेलन व विभिन्न खेलों का आयोजन भी आगे जारी रहेगा। इसीलिए यह 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलता है। कई कार्यक्रम 2 अक्टूबर के बाद भी निरंतर आगे चालू रहते हैं। जिला अध्यक्ष डॉक्टर यूके चौधरी ने बताया हमारा लक्ष्य 75 यूनिट रक्तदान का था परंतु कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर इस आंकड़े को बढ़ाकर 100 यूनिट से अधिक किया। यही प्यार और इसने दिखता है कि प्रधानमंत्री अपना जन्मदिन भी देश की सेवा में लगा देते हैं और सेवा पखवाड़े के रूप अपने जन्मदिन को मानते है। जिला प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने भी सभी का हौसला बढ़ाया और वह रक्तदान शिविर के बाद स्वास्थ्य कैंपों में गए।

विधायक जय महावर ने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री श्री मति रेखा गुप्ता सहित सरकार में सभी भाजपा विधायकों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के सेवा के रूप में मनाते हुए रक्तदान किया। दिल्ली सरकार ने वृद्धा पेंशन को भी चालू करदिया है। इस कार्यक्रम विनोद जायस सचिन मावी राज कुमार झा राजू बंसल अनिल झा अभिषेक सिंह अक्की सत्यदेव चौधरी मोहित नागर स्वेता कौशिक हितेंदर त्यागी बौबी ठाकुर सौरभ अमर राय मनी बंसल मुकेश गोयल गीता गोस्वामी व समस्थ कार्यकर्ता व डोनर उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद ने किया दूदू विधानसभा में 'ग्रामीण सेवा शिविर' शुभारंभ

**संजना भारती संवाददाता**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 'सेवा पर्व पखवाड़ा' के अन्तर्गत उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को दूदू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लदाना भोजपुरा, बीचून, मोखमपुरा, साली, गहलोता में अयोजित ग्रामीण सेवा शिविर शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गरीब कल्याण के संकल्प और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के गरीब कल्याण की प्रतिबद्धता का परिचायक है। इन शिविरों के माध्यम से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं को लाभ मिलेगा और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। इन शिविरों के माध्यम से प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिलेगी और अंत्योदय की संकल्पना




धरातल पर मूर्त रूप लेगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चैक एवं पट्टे वितरीत किये। उपमुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# खानपुर प्रखंड के शिक्षक सत्यनारायण सहनी उर्फ प्रदीप सहनी ने अपने माँ की पुण्यतिथि पर हजारों आम का पौधा वितरण कर माँ को दिया सच्ची श्रद्धांजलि

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर प्रखंड के अंतर्गत क्षेत्र संख्या (36) के जिला पार्षद प्रियंका कुमारी व उनके पति सत्यनारायण सहनी उर्फ प्रदीप सहनी शिक्षक ने अपने माँ की प्रथम पुण्यतिथि पर एक नई पहल का शुरूआत किया है। जहाँ प्रखंड क्षेत्र के करीब दस पंचायत के वार्ड सदस्य, पंच, समाजसेवी व ग्रामीणों के बीच करीब ग्यारह सौ आम का पौधा वितरण कर अपने माँ को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

वही खानपुर उत्तरी पंचायत के मुखिया अरुण कुमार सिंह कुशवाहा ने इस पुण्य तिथि के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक प्रदीप सहनी ने एक अच्छी पहल की है। जिन्होंने मृत्युभोज नहीं कर माँ के नाम एक पौधा लगाने का निर्णय लिया है। जो पर्यावरण को सशक्त और लोगों को आर्थिक स्थिति से मजबूत करेगा। उन्होंने कहा समाज के गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए



मृत्युभोज आज अभिशाप बनता जा रहा है। इस अभिशाप से लोग कैसे बचे इसकी शुरूआत आज एक शिक्षक सत्यनारायण सहनी उर्फ प्रदीप सहनी ने कर दिया है। कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित मुखिया राम बालक सहनी ने कहा कि मृत्यु भोज नहीं कर आम का पौधा वितरण किया गया है जो आम का पौधा बढ़ेगा, फल देगा और लोग जब उसे खाएंगे तो बार बार जरूर उस माँ को याद करेंगे।

वही जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव सह पूर्व मुखिया राम विलास सहनी ने कहा कि जिला पार्षद प्रियंका कुमारी व उनके पति सत्यनारायण सहनी शिक्षक के द्वारा अपने माँ के पुण्यतिथि पर बहुत हीं सराहनीय कार्य किया गया है। जो पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ समाज को जागरूक करने का कार्य किया है। एक दिन के भोज में लाखों रुपए खर्च होती है। जिसका कोई महत्व नहीं होता है। यह भोज न कर आज एक हजार पौधा माँ के नाम लगाया जा रहा है। जिसके लगने बाद उसका फल लोग प्रतिवर्ष खायेंगे और वह हजारों पौधा वातावरण को सुध करेगा। जिससे लाखों लोग लाभान्वित होंगे। शिक्षक प्रदीप सहनी ने कहा कि मैं अपनी माँ स्वर्गीय तारा देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर खुद फलदार पौधा लगाया है। उन्होंने कहां की जिस प्रकार माँ हमारी देख भाल करती थी। ठीक उसी प्रकार पौधे को भी हमें स्वस्थ जीवन प्रदान करने के लिए 24 घंटे स्वच्छ वातावरण और शुद्ध वायु देती है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण व उनका संरक्षण पितरों को सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस मौके पर खानपुर उत्तरी, खानपुर दक्षिणी, पुरुषोत्तमपुर अन्नू, भोरेजयराम, नत्थूद्वार, शिबैसिंहपुर, विशनपुर आभी, शादीपुर, हसनपुर, बछौली पंचायत में फलदार आम का पौधा वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया अमरजीत कुमार सिंह कुशवाहा, उमर आलम, ललित सहनी, राम बालक सहनी, राम विलास सहनी, अरुण कुमार कुशवाहा, चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर विधानसभा अध्यक्ष ने अजमेर शहर को दी लेपर्ड सफारी की सौगात

**संजना भारती संवाददाता**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर अजमेर शहर को लेपर्ड सफारी की सौगात मिली है। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने बुधवार कोकाजीपुरा गांव में लैपर्ड सफारी के लिए तैयार किए जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इन कार्यों पर 20 करोड़ रूपए की राशि खर्च होगी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर को एक और बड़ी सौगात मिलने वाली है। शहर के काजीपुरा, खरेखड़ी, अजयसर और आस-पास के गांव में फैली गंगा-भैरव घाटी में लेपर्ड सफारी विकसित की जाएगी। झालना, रणथम्भौर, सरिस्का, रावली-टॉडगढ़ और जवांई बांध की तर्ज पर गंगा-भैरव घाटी को भी लेपर्ड सफारी और घाटी के मनोरम दृश्य देखने के लिए सैलानियों के लिए खोला जाएगा। सैलानी यहां घाटी में ट्रेकिंग के साथ ही सम्राट पृथ्वीराज चौहान के समय के अस्तबल, उनके राज्य के अन्य स्मृतियां, सैनिक छावनी स्थल और अन्य स्थानों पर घूम सकेंगे। ट्रेक पर सैलानियों के विश्राम की भी व्यवस्था होगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यहां गंगा-भैरव घाटी में लेपर्ड सफारी के लिए ट्रैक और रूट बनेगा। यहां टिकट खिड़की, रेस्ट प्वाइंट्स, सेल्फी प्वाइंट्स तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं विकसित की जाएगी, स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भैरव घाटी में लेपर्ड सफारी बनने से अजमेर को एक नई पहचान पर्यावरणीय पर्यटन




स्थल के रूप में मिलेगी। अब पर्यटन के क्षेत्र में इसे और समृद्ध करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं वन मंत्री से इस परियोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई है। अजमेर के लिए लगभग 40 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, इनमें से अधिकांश को वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

श्री देवनानी ने कहा कि लेपर्ड सफारी परियोजना पर लगभग 20 करोड़ रुपए का व्यय प्रस्तावित है। इसमें शुरूआती चरण में लगभग 5.5 करोड़ रुपए से कार्य प्रारंभ किया गया है। पर्यटकों के सुगम आवागमन के लिए कई किलोमीटर के नए ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। चामुंडा माता व भैरव मंदिर के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को भी इस ट्रैक से सुविधा होगी। मार्ग में रेस्ट प्वाइंट्स, अल्पाहार केंद्र तथा सेल्फी प्वाइंट्स जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएगी। इस परियोजना से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार और आय के नए अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि अजमेर में फिलहाल कोई बड़ा पर्यावरणीय पर्यटक स्थल उपलब्ध नहीं है, ऐसे में यह लेपर्ड सफारी परियोजना स्थानीय नागरिकों एवं पुष्कर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को भी एक नया अनुभव प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि अजमेर के निवासियों एवं पर्यटकों को अन्य रमणीय स्थल भी जल्द उपलब्ध होंगे। बच्चों में विज्ञान की जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लिए साइंस पार्क का निर्माण, वरुणसागर का सौंदर्यकरण, अजमेर एंट्रेंस प्लाजा सहित अन्य कार्य भी करोड़ों रुपए की लागत से करवाए जाएंगे। इससे शहर का पर्यटन के क्षेत्र में कायापलट होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्पोर्ट्स कॉलेज व सैनिक स्कूल भी खोले जा रहे हैं।

इस अवसर पर श्री रमेश शर्मा, श्री दीपक शर्मा, महेन्द्र सिंह, गुलाब सिंह, लाल सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# एडवोकेट पैनल्स के साथ न्याय की नई राह

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** समाज में न्याय, सुरक्षा और अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरूआत की गई है। इस पहल का मकसद उन वंचित वर्गों तक कानूनी सहायता और मार्गदर्शन पहुँचाना है, जिन्हें अपने अधिकारों की जानकारी नहीं है या फिर वे कानूनी प्रक्रिया से अनभिज्ञ रहते हैं। इस अभियान को गति देने और जनता तक सही संदेश पहुँचाने के लिए सुमित कुमार को मीडिया एडवाइजर नियुक्त किया गया है। उनकी भूमिका इस अभियान को मीडिया और समाज के बीच सेतु बनाने की होगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पहल से जुड़ सकें और न्याय की राह पर आगे बढ़ सकें।

जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड यमुनानगर की सदस्य डॉ. शालिनी शर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने गुमशुदा बच्चों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और बताया कि ऐसे मामलों में परिवारों को कानूनी व सामाजिक सहयोग दोनों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि समाज को यह समझना होगा कि हर बच्चा हमारा साझा दायित्व है और मिलकर ही हम उन्हें सुरक्षित वातावरण दे सकते हैं।पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट, चंडीगढ़ के



एडवोकेट अजय कुमार दहिया ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं, जिन्हें अपने कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी ही नहीं होती। कई बार लोग न्यायालय से मिलने वाले लाभ से वंचित रह जाते हैं, क्योंकि उन्हें पता नहीं होता कि वे किन परिस्थितियों में अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि दिशा मार्ग की पहल का सबसे बड़ा उद्देश्य जनता को जागरूक करना और यह बताना है कि न्यायालय केवल अमीर या पढ़े-लिखे लोगों के लिए नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए है। एडवोकेट अदिति सिंह, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट, चंडीगढ़ ने कहा कि न्याय तक पहुँच हर नागरिक का अधिकार है और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा, हम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनेंगे और उनके समाधान के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। न्याय की लड़ाई अकेले की नहीं होती, बल्कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह पहल वंचितों को आवाज देने और उन्हें न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगी।

क्राइम ब्रांच पंचकूला के सब-इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उनका मिशन बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा लापता हो जाता है, तो तुरंत डायल 112 पर कॉल करनी चाहिए ताकि पुलिस तुरंत कार्रवाई कर सके। राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि गुमशुदा बच्चों को उनके परिवारों तक पहुँचाना और असुरक्षित वर्ग की सुरक्षा करना उनकी ज़िम्मेदारी है, जिसे वे पूरी निष्ठा और तत्परता से निभाते हैं। जे पहल केवल एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सामाजिक आंदोलन का स्वरूप ले रहा है। इस पहल में कानूनी विशेषज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाजसेवियों की भागीदारी इसे और अधिक मजबूत बनाती है। बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं और बुजुर्गों की देखभाल, और आम जनता को न्याय दिलाने की दिशा में यह प्रयास समाज के हर व्यक्ति तक न्याय और सुरक्षा का संदेश पहुँचाता है।

सुमित कुमार के मीडिया एडवाइजर बनने से इस पहल को नई ऊर्जा मिली है। उनकी ज़िम्मेदारी होगी कि इस अभियान से जुड़ी हर गतिविधि, विचार और संदेश जनता तक सही तरीके से पहुँचे। मीडिया की भूमिका समाज को जागरूक करने में सबसे अहम होती है और इस प्रयास से निश्चित रूप से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होंगे।

इस कार्यक्रम में साझा किए गए विचारों से यह स्पष्ट है की समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक ठोस कदम है। चाहे बात गुमशुदा बच्चों की हो, महिलाओं की सुरक्षा की हो, बुजुर्गों की देखभाल की हो या फिर आम जनता को कानूनी अधिकारों की जानकारी दिलाने की—यह पहल हर दिशा में सार्थक भूमिका निभाने जा रही है। वकीलों, पुलिस अधिकारियों और समाजसेवियों की संयुक्त भागीदारी से यह उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले समय में यह पहल न्याय की नई राह खोलने का काम करेगी।

# मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

**संजना भारती संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने हस्तशिल्प पर आधारित विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया एवं 11 लोगों को उत्तराखंड शिल्प रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। जिनको सम्मानित किया गया उनमें उत्तरकाशी से श्रीमती जानकी देवी, श्रीमती भागीरथी देवी, बागेश्वर से श्री इन्द्र सिंह, अल्मोडा से श्री लक्ष्मण सिंह, श्री भुपेन्द्र सिंह बिष्ट, हल्द्वानी (नैनीताल) से श्री जीवन चन्द्र जोशी, मोहन चन्द्र जोशी, नारायण नगर मल्लीताल नैनीताल से श्री जानकी बिष्ट, क्वालिटी कॉलोनी हल्दूचैड़ हल्द्वानी से श्री जगदीश पाण्डेय, चमोली से श्री प्रदीप कुमार, श्रीमती गुड्डी देवी, उत्तरकाशी से श्री महिमानन्द तिवारी शामिल थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की बुनाई और हस्तशिल्प कला अपनी विविधता, परंपरागत डिजाइन तथा गुणवत्ता के कारण प्रसिद्ध है। उन्होंने प्रदेश के शिल्पियों एवं बुनकरों को राज्य की सांस्कृतिक धरोहर के संवाहक बताया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने हाल ही में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आई आपदा में दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी और प्रभावित परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास कार्यों को संवेदना और तेज गति से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर्षिल की ऊनी शाल, मुनस्यारीधारचूला की थुलमा, अल्मोड़ा की ट्वीड, छिनका की पंखी और पिछौड़े के डिजाइन ने उत्तराखंड को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि वैश्विक बाजार में भी पहचान दिलाई है। उन्होंने बताया कि आज भांग एवं बांस के रेशों से बने वस्त्रों की देशभर में विशेष मांग देखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल और मेक इन इंडिया जैसी पहलें शिल्पियों और बुनकरों के सामाजिकआर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वच्छ उत्सव 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**संजना भारती संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को स्वच्छ उत्सव 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएँ भी प्रदान कीं। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और सभी प्रदेशवासियों से स्वच्छता की मुहिम से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश भर में सेवा स्वच्छता से संबंधित नियमित कार्यक्रम किए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित भी किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाई और पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वच्छता रथ का फ्लैग ऑफ किया और पर्यावरण मित्रों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता आंदोलन ने देश को नए आयाम प्रदान किए हैं। स्वच्छ उत्सव2025 भी इसी दिशा में एक संकल्प, एक आंदोलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ व स्वच्छ भविष्य का वचन है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के सपने को साकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा हाल ही में राष्ट्रीय वायु कार्यक्रम के तहत घोषित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में नगर निगम देहरादून को देश में 19वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। स्वच्छता रैंकिंग में भी नगर निगम देहरादून ने इस वर्ष 62वाँ स्थान प्राप्त किया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर है। अब तक राज्य में छह लाख से अधिक शौचालय रहित परिवारों के लिए शौचालयों का निर्माण किया




गया है। नगर निगम देहरादून ने सफाई से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए स्वच्छता कंट्रोल रूम की स्थापना की है।कूड़ा उठान, सीसीटीवी निगरानी और नियमित सफाई व्यवस्था से शहर को बेहतर दिशा दी जा रही है।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत असंध शहर में चलाया गया सफाई अभियान-विधायक योगेन्द्र राणा

## शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी-विधायक





**संजना भारती संवाददाता**

**असंध।** असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने बुधवार को सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदों व समाज सेवियों के साथ मिलकर असंध के जींद चौंक से लेकर सब्जी मंडी, सफीदों रोड, और सफीदों रोड से बाईपास होते हुए सालवन चौंक तक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम असंध राहुल उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है और वो प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवा पखवाड़ा आज से आरम्भ होकर 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस तक मनाया जाएगा। इस पखवाड़े में बहुत से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर, विधानसभा स्तर पर और गांव स्तर पर आयोजित होंगे।

इस दौरान अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें रक्तदान शिविर, एक पेड़ मां के नाम और अन्य कार्यक्रम शामिल हैं।

विधायक ने कहा कि हम सभी को मिलजुल कर इस स्वच्छता अभियान को सफल बनाना है। जैसे हम अपने घरों में साफ-सफाई करते हैं, वैसे ही में हमें अपने कर्म स्थल और शहर को भी साफ-सुथरा रखना है। सफाई अभियान के दौरान विधायक, एसडीएम सहित सभी अधिकारी व सफाई कर्मियों ने कूड़ा कर्कट उठाकर सडकों व नालियों की सफाई की तथा लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश भी दिया। विधायक ने कहा स्वच्छता किसी भी कार्य का पहला चरण होना चाहिए। स्वच्छता से हमारा स्वास्थ्य स्वस्थ रहेगा।

विधायक योगेन्द्र राणा ने दुकानदारों व शहरवासियों से अपील कर कहा है कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक त्यागने का संकल्प लें और अपनी धरती व वातावरण को स्वच्छ बनाएं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर करनाल में रक्तदान शिविर, 405 यूनिट रक्त एकत्रित



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाड़े के तहत आज जिला भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व की सराहना की।

यह शिविर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें कार्यकताओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 405 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों की मदद करना था। पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर आज से देशभर में सेवा पखवाड़ा शुरू किया गया है, जो 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। इसके तहत रक्तदान शिविर, एक पेड़ मां के नाम अभियान, पौधारोपण और स्वच्छता कार्यक्रम देशभर में आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती विशेष रूप से मनाई जाएगी। साथ ही आगामी त्योहारों को देखते हुए पूजा स्थलों पर विशेष साफ-सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि दिल्ली की भलस्वा डंपिंग साइट में दशकों से जमा कचरे के पहाड़ को एक वर्ष के भीतर हटाने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम शुरू किया गया है। इस कार्य में देशभर के लोगों का सहयोग लिया जा रहा है।

इस अवसर पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, असंध विधायक योगेंद्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, पूर्व डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग, स्वच्छ भारत मिशन वाइस चेयरमेन सुभाष चंद्र, भाजपा पदाधिकारी सुभाष कश्यप, मानव पुरी, शिवनाथ कपूर, डॉ. अशोक, महिला मोर्चा अध्यक्ष मीना कंबोज, कार्यालय प्रमुख मदन गुज्जर, पार्षद संकल्प भंडारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नगर पालिका राजौंद द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' विशेष सफाई अभियान चलाया गया

## गांव खुरड़ा, वार्ड 5 में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित







**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** नगर पालिका राजौंद की ओर से नगर के वार्ड नंबर 5, गांव खुरड़ा में "स्वच्छता ही सेवा" विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और सफाई कर्मचारी, वार्ड पार्षद मौजूद रहे। अभियान का उद्देश्य नगर को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं व वर्तमान सीएम विंडो एनिमेट पर्सन कपिल दिक्षित, चेयरपर्सन राजौंद एवं सीएम विंडो एनिमेट पर्सन बबीता, नपा सचिव नरेंद्र शर्मा, डॉ. संदीप राणा (जिला संयोजक, चुनाव प्रबंधन समिति हल्का कलायत, जिला कार्यकारिणी सदस्य), पूर्व चेयरपर्सन नपा राजौंद गुड्डी राणा, महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष अनु राणा, जिला कार्यकारिणी सदस्य पवन शर्मा, महामंत्री मंडल राजौंद वीरेंद्र राणा कोषाध्यक्ष, नपा जेई अश्विनी, सफाई कोर्डिनेटर प्रदीप कुमार, सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, वार्ड पांच गांव खुरडा पार्षद कर्मपाल राणा और वार्ड नौ पार्षद संजय राणा सहित नपा राजौंद का संपूर्ण कार्यालय स्टाफ व सफाई कर्मचारी शामिल हुए। अभियान के दौरान क्षेत्र की गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की विशेष सफाई की गई। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने सफाई स्वयं सफाई कार्य करते हुए, सफाई कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया।

नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने स्थानीय नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता अभियान "स्वच्छता ही सेवा" को सफल बनाने में सहयोग दें। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सुबह से शाम तक नगर की सफाई में, जनता की सेवा में लगे हुए हैं। नागरिकों से अनुरोध है कि वह भी साफ सफाई बनाए रखने में सहयोग करें। भाजपा नेता कपिल दिक्षित ने कहा कि सफाई केवल कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक को नगर हित, देश व प्रदेश हित में साफ सफाई रखने में योगदान देना चाहिए। चेयरपर्सन बबीता व पूर्व चेयरपर्सन गुड्डी राणा ने कहा कि नगर पालिका राजौंद स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और समय-समय पर इस तरह के विशेष अभियान चलाए जाते रहेंगे। सभी लोगों से अपील की गई कि वे गंदगी न फैलाएं और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

डॉ. संदीप राणा, पवन शर्मा, विरेन्द्र राणा, अन्नु राणा ने कहा कि नगर राजौंद स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सब की जिम्मेदारी है। सब के सहयोग से ही नगर को साफ, स्वच्छ बनाया जा सकता है। सरकार व प्रशासन द्वारा समय-समय पर चलाएं जा रहे स्वछता अभियान को हम सब ने मिलकर सफल बनाना है।

पार्षद कर्मपाल व पार्षद संजय ने सभी नागरिकों से निवेदन किया कि अपने घर का कूड़ा, कचरा डस्टबिन में इकट्ठा करें व डोर टू डोर वाले वाहन में ही डालें। सुख व गीला कचरा अलग-अलग डालें। पॉलिथीन, फल व सब्जियों के छिलके नलों में ना डालें। इससे नालें अवरूद्ध हो जाते हैं व नालों का पानी आवरफ्लो होकर गली व सड़कों को गंदा करता है। नागरिकों के सहयोग से ही नगर में सफाई व्यवस्था कायम रह सकती है।

# एसडीएम अजय सिंह ने अनाज मंडियों का किया दौरा



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

## अधिकारियों को दिए मंडियों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

**कैथल।** कैथल एसडीएम अजय सिंह ने कैथल, ढांड, पूंडरी, पाई व राजौंद अनाज मंडियों का निरीक्षण किया और धान खरीद के लिए आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने खरीद प्रक्रिया की तैयारियों बारे आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान फसल खरीद प्रक्रिया समुचित चलनी चाहिए, जहां कहीं भी कोई भी समस्या आती है तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लाएं, ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके। किसानों को मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था प्रदान की जाए। यदि कहीं कोई कमी नजर आ रही है तो तुरंत उसको दुरूस्त करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उनकी फसल की खरीद और भुगतान समयबद्ध सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही मंडी में सफाई व्यवस्था का भी आंकलन किया। उन्होंने मंडियों में सड़कों की व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित पानी की निकासी के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने मंडी में फसल बेचने पहुंचे किसानों से भी बातचीत की और मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। एसडीएम ने तहसील कार्यालय राजौंद का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# डीसी प्रीति ने किया राजौंद का दौरा, शहर के बीचों बीच गुजर रही निर्माणाधीन सड़क पर सीवरेज कार्य को अगले पंद्रह दिन में पूरा करने के निर्देश

## जन स्वास्थ्य विभाग दो अक्टूबर तक काम पूरा करके सड़क की साइट लोक निर्माण विभाग को करें हैंडओवर

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** डीसी प्रीति ने मीडिया के माध्यम से प्रतिदिन मिल रही आमजन की समस्या की सूचना को गम्भीरता से लिया है। उपायुक्त ने राजौंद की निर्माणाधीन सड़क के कारण परेशानियों को लेकर बुधवार को राजौंद का दौरा किया और वहां पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य से पूर्व डाले जा रहे सीवरेज कार्य के बारे में अधिकारियों से जवाब तलब किया। उन्होंने अगले पंद्रह दिन में सीवरेज निर्माण कार्य को हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीवरेज का जितना टुकड़ा पूरा होता रहे, उस एरिया में सड़क बनाने का काम शुरू कर दें। ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।

डीसी प्रीति ने बुधवार को राजौंद में कैथल मार्ग से निरीक्षण शुरू किया। जहां जनस्वास्थ्य व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सीवरेज निर्माण कार्य बारे जानकारी दी। इसके बाद डीसी ने महाराणा प्रताप चौक से पहले निर्माण कार्य का जायजा लिया। चौक के निकट ही उन्होंने नगर पालिका सचिव को निर्देश जारी किए कि नगर पालिका क्षेत्र के नालों की अगले 48 घंटे में हर हाल में सफाई करवाए। यह ब्लॉक नहीं रहना चाहिए। ताकि सड़क निर्माण कार्य में बाधा न आए। उन्होंने इसके बाद राजौंद में बनाए जा रहे एसटीपी का निरीक्षण कर कार्य के पूरा होने की अवधि बारे जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए एसटीपी के कार्य को जल्द पूरा करें, ताकि आमजन को सुविधा हो सके। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग को सीवरेज दबाने व लोगों के घरों में कनेक्शन देने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीसी ने सीवरेज व सड़क निर्माण कार्य में गुणवता का विशेष ध्यान रखा जाए, गुणवत्ता के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाने से पहले भी और निर्माणाधीन की अवधि में भी सामग्री के सेंपल भरें जाएं और अगर कोई कमी मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने नगर पालिका सचिव को सड़क पर पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए। डीसी प्रीति ने मीडिया से बातचीत



करते हुए कहा कि राजौंद से लगातार आमजन व अखबारों के माध्यम से इस समस्या को उजागर किया जा रहा था। जहां पर जन स्वास्थ्य विभाग और लोक निर्माण विभाग द्वारा सीवरेज व सड़क निर्माण का कार्य किया जाना है। आज उसका निरीक्षण किया गया है। मौके पर ही अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि जन स्वास्थ्य विभाग अन्य कस्बों में अच्छा कार्य कर रहा है। आपसी समन्वय बनाकर काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दे दिए गए हैं। कालेज के सवाल पर डीसी प्रीति ने कहा कि कॉलेज का प्रोजेक्ट सिरे चढ़ चुका है। ड्राइंग फाइनल होनी बाकी है। जैसे ही ड्राइंग फाइनल होगी, काम शुरू करवा दिया जाएगा।

इस अवसर पर एसडीएम अजय सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास बालियान, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र व वरुण कंसल, नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में विभिन्न संस्कृतियों की समझ विकसित होती है: बीईओ सतीश ढुल

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**



**असंध।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव सम्पन्न हुआ जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ढुल ने अपने करकमलों से किया। खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में दर्जनों सरकारी स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों को कला, इतिहास, रीति-रिवाज, सामाजिक मूल्यों का ज्ञान होने के साथ-साथ सांस्कृतिक व विभिन्न संस्कृतियों के बारें में समझ विकसित होती है। कार्यक्रम के सूत्रधार सुनील ढुल ने बताया कि सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम में कक्षा पांचवीं से आठवीं और कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया और कार्यक्रम में दोनों ग्रुप के बच्चों ने चार अलग-अलग इवेंट जैसे छोटे नाटक समूह, लोक नृत्य समूह, रागनी व एकल नृत्य में अपनी बेहतरीन प्रस्तुति पेश की। निर्णायक मंडली ने प्रत्येक इवेंट में प्रथम, द्वितीय व तृतीया स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को चिन्हित किया और प्रत्येक इवेंट में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ढुल ने मोंमटो देकर पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य अजमेर सिंधु, पवन जिंदल, रीना वर्मा व सुमन देवी प्रधानाचार्य ने किसी भी प्रकार की आपत्ति को अंतिम निर्णय देने वाली कमेटी के रूप में अपना कर्तव्य निभाया। संस्कृत अध्यापक नंद किशोर ने मंच का सफल संचालन और मास्टर महीपाल दूहन ने विशेष भूमिका निभाई। इसके अलावा भारत भूषण वर्मा, वजीर खर्ब, शीशनपाल, अशोक मान और खंड कार्यालय की तरफ से लगाई गई ड्यूटी वाले अध्यापकों व कर्मचारियों ने अपने-अपने कर्तव्यों को बेखूबी से निभाया। इस अवसर पर खंड कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया में छू रहा नई ऊंचाइयां: प्रवीण लाठर

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में करनाल जिले में भी विभिन्न सेवा गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं। गुरुवार शिव कालोनी स्थित शिव पब्लिक हाई स्कूल में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह के नेतृत्व में विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें बुके व पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। शिविर में सैकड़ों लोगों ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच करवाई। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, हृदय रोग, दंत रोग संबंधी जांच सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए। वहीं जिन लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें तुरंत आवश्यक परामर्श दिया गया। जांच के साथ-साथ मरीजों को मुफ्त दवाइयाँ भी वितरित की गईं। शिविर का लाभ उठाकर लोगों ने भाजपा द्वारा चलाई जा रही इस सेवा पहल की सराहना की। उपस्थित नागरिकों ने कहा कि ऐसे शिविर आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं और इससे समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह ने कहा कि भाजपा हमेशा समाजहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करती है।

# जिला कारागार में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम, जेल लोक अदालत में 7 मुकदमों का निपटारा

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार करनाल के सौजन्य से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने पौधारोपण करके की। इसके बाद उन्होंने कारागार अस्पताल में बंदियों के लिए लगाए गए दंत जांच शिविर और एचआईवी टेस्ट शिविर का निरीक्षण किया। डॉ. हसन ने आत्मनिर्भरता की दिशा में चलाए जा रहे कॉस्मेटिक व ड्रेसिंग कोर्स में शामिल बंदियों से बातचीत की और उन्हें सीखी गई जानकारी को भविष्य में सार्थक ढंग से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कारागार में उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं की जानकारी भी ली और आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुरेंद्र कुमार, धर्म चंद और नीलम उपस्थित रहे। कारागार में आयोजित जेल लोक अदालत में सीजेएम डॉ. इरम हसन की अदालत में 8 मुकदमे रखे गए। इनमें से 7 मुकदमों का निपटारा किया गया और 7 बंदियों को निर्धारित शर्तों पर रिहा किया गया।

